# Daily Current Affairs

Date : 09 July, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | धौलपुर विज्ञान केंद्र |
| 2. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. शाहनूर अली<br>2. वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 (राजस्थान के 2 और पदक) |
| 3. | वेरिएबल रिवर्स रेपो रेट (VRRR) |
| 4. | चरण पादुका योजना |
| 5. | फेस ऑथेंटिकेशन से राशन वितरण करने वाला पहला राज्य |
| 6. | न्यू डवलपमेंट बैंक (NDB) |
| 7. | UPI अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश - त्रिनिदाद एंड टोबैगो |
| 8. | प्रधानमंत्री की ब्राजील यात्रा |
| 9. | GOSAT-GW उपग्रह |
| 10. | जा-माता संयुक्त युद्धाभ्यास |
| 11. | धम्मचक्कप्पवत्तन (धम्मचक्रप्रवर्तन) दिवस |
| 12. | विश्व जूनोटिक रोग रोकथाम दिवस |
| 13. | साहिल किनी: RBI इनोवेशन हब के नए CEO |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 14. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. **CONCACAF गोल्ड कप – 2025**<br>2. **बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी का नाम परिवर्तन**<br>3. **सूरीनाम की पहली महिला राष्ट्रपति**<br>4. **पुनौरा धाम परियोजना**<br>5. **नियंत्रक सम्मेलन 2025** |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## धौलपुर विज्ञान केंद्र

### चर्चा में क्यों?

- 08 जुलाई, 2025 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने धौलपुर विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया।




### मुख्य बिंदु :

- जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (NII) और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के सहयोग से विकसित यह केंद्र देशभर के आकांक्षी ज़िलों में विज्ञान संग्रहालय स्थापित करने की राष्ट्रीय पहल का हिस्सा है।
- यह केंद्र इस क्षेत्र में स्कूली बच्चों और युवाओं के लिए नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा के केंद्र के रूप में कार्य करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (Aspirational District Programme)**

- **देश भर के 112 अल्प विकसित ज़िलों के समग्र विकास के उद्देश्य से वर्ष 2018 में नीति आयोग द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से 'आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम' की शुरुआत की गई।**
- **इन ज़िलों की पहचान सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के प्रभाव के आधार पर की गई है।**

**5 संकेतक:**

- **स्वास्थ्य और पोषण – 30 प्रतिशत।**
- **शिक्षा – 30 प्रतिशत।**
- **कृषि एवं जल संसाधन – 20 प्रतिशत।**
- **वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास – 10 प्रतिशत।**
- **मूलभूत अवसंरचना – 10 प्रतिशत।**
- **राजस्थान के 5 आकांक्षी ज़िले: बारां, करौली, जैसलमेर, धौलपुर और सिरोही।**

SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शाहनूर अली**<br>♦ महाराष्ट्र के नासिक में 5 से 7 जुलाई, 2025 तक आयोजित मिनी जूनियर (अंडर-12) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में राजस्थान की शाहनूर अली ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 2. | **वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 (राजस्थान के 2 और पदक)**<br><br>♦ राजस्थान पुलिस के हेड कांस्टेबल छगन लाल मीणा ने कुश्ती में 77 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।<br>♦ राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कृष्णा शर्मा ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीता। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## वेरिएबल रिवर्स रेपो रेट (VRRR)

### ➲ चर्चा में क्यों?




- **हाल ही में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने बैंकिंग प्रणाली में व्याप्त अधिशेष तरलता को नियंत्रित करने हेतु 1 लाख करोड़ रुपए मूल्य की 7-दिवसीय वेरिएबल रिवर्स रेपो रेट (VRRR) नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया है।**

### ➲ मुख्य बिंदु :

- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने VRRR (Variable Reverse Rate Repo) नीलामी इसलिए की है ताकि TREPS प्लेटफॉर्म पर ओवरनाइट दरों को तरलता समायोजन सुविधा (LAF) कॉरिडोर की निचली सीमा के पास, यानी 5.25 और 5.75 प्रतिशत के बीच रखा जा सके।**
- **TREPS भारत में एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जहाँ बैंक, म्यूचुअल फंड, NBFC और दूसरे वित्तीय संस्थान आपस में अल्पकालिक कर्ज (उधार और ऋण) लेन-देन करते हैं।**
- **यह प्लेटफॉर्म भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की निगरानी में काम करता है और इसे क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CCIL) संचालित करता है।**
- **इसमें तीन पक्ष होते हैं – कर्ज लेने वाला (उधारकर्ता), कर्ज देने वाला (ऋणदाता) और एक तीसरा पक्ष यानी CCIL, जो लेन-देन को सुरक्षित और पारदर्शी बनाता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## वेरिएबल रिवर्स रेपो रेट (VRRR):

- **वेरिएबल रिवर्स रेपो रेट (VRRR), RBI द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक मौद्रिक नीति उपकरण है। इसका इस्तेमाल बैंकों से अतिरिक्त नकदी (तरलता) खींचने के लिए किया जाता है। इसके तहत RBI एक नीलामी करता है, जिसमें बैंक तय समय के लिए अपना पैसा RBI के पास रखने के बदले ब्याज दर की बोली लगाते हैं।**
- **इसके विपरित, रिवर्स रेपो दर एक तयशुदा दर होती है, जिसे RBI पहले से ही तय करता है। इसमें बैंक बिना बोली लगाए अपना अतिरिक्त पैसा RBI के पास जमा कर देते हैं।**
- **इस वजह से VRRR ज़्यादा लचीला (Flexible) और बाजार की मांग और आपूर्ति पर आधारित होता है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चरण पादुका योजना

## ➲ चर्चा में क्यों?




- हाल ही में, छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदू पत्ता संग्राहकों के लिए 'चरण पादुका योजना' को पुन: शुरू किया है।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- छत्तीसगढ़ सरकार की चरण पादुका योजना एक कल्याणकारी योजना है, जिसे विशेष रूप से तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए शुरू किया गया है।
- तेंदूपत्ता संग्रह करते समय आदिवासी और वनवासी मजदूरों को जंगलों में पैदल चलना पड़ता है, जिससे उनके पैरों में चोट लगती है। इस कठिनाई को देखते हुए सरकार ने उन्हें मुफ्त चप्पल (पादुका) देने का निर्णय लिया।
- तेंदू के पत्तों का मुख्य उपयोग बीड़ी बनाने में होता है। इसके अतिरिक्त, इनका उपयोग औषधीय उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# फेस ऑथेंटिकेशन से राशन वितरण करने वाला पहला राज्य

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, हिमाचल प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत राशन देने के लिए एक नई तकनीक फेस ऑथेंटिकेशन की शुरुआत की है।




## मुख्य बिंदु :

- हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन चुका हैं, जिसने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में फेस ऑथेंटिकेशन की शुरुआत की है।
- अब राज्य में राशन लेने के लिए लोग फेस स्कैन के ज़रिए अपनी पहचान साबित कर सकेंगे। यह प्रक्रिया आधार कार्ड से जुड़ी होती है, जिससे पहचान की पुष्टि आसानी से और सही ढंग से हो सके।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य:**
    - **पारदर्शिता बढ़ाना।**
    - **फर्जी लाभार्थियों को रोकना।**
    - **राशन वितरण को आसान और सही बनाना।**
- **ऑथेंटिकेशन एक मोबाइल ऐप के ज़रिए होता है, जो उचित मूल्य की दुकान (FPS) के डीलर के स्मार्टफोन में इंस्टॉल किया जाएगा।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## न्यू डवलपमेंट बैंक (NDB)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, कोलंबिया और उज्बेकिस्तान न्यू डवलपमेंट बैंक (NDB) के नवीनतम सदस्यों के रूप में शामिल हुए।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह घोषणा 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ठीक पहले बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 10वीं बैठक के बाद की गई।**
- **न्यू डवलपमेंट बैंक (NDB) की सदस्य संख्या 11 हो गई हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यू डवलपमेंट बैंक (NDB):

- **स्थापना:** NDB की स्थापना ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (BRICS देश) ने मिलकर की थी।
- इसकी शुरुआत 15 जुलाई, 2014 को ब्राज़ील के फोर्टालेजा शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई और 21 जुलाई, 2015 से यह काम करने लगा।
- **मुख्यालय:** शंघाई, चीन।
- **अध्यक्ष:** दिल्मा रूससेफ़।
- **क्षेत्रीय कार्यालय :** इसके क्षेत्रीय कार्यालय गुजरात के गिफ्ट सिटी, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में।
- **उद्देश्य:** यह एक बहुपक्षीय विकास बैंक है, जिसका उद्देश्य उभरते बाजारों और विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे और सतत विकास की परियोजनाओं के लिए धन जुटाना और मदद करना है।
- **सदस्य देश:** ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश (2021), संयुक्त अरब अमीरात (UAE) (2021), मिस्र (2023), अल्जीरिया (2025), कोलंबिया (2025) और उज्बेकिस्तान (2025) इसके सदस्य हैं।
- **सदस्यता:** NDB की सदस्यता संयुक्त राष्ट्र के सभी देशों के लिए खुली है, चाहे वे ऋण लें या न लें।
- **पूंजी और हिस्सेदारी:** बैंक की शुरुआती अधिकृत पूंजी 100 अरब डॉलर थी। संस्थापक 5 देशों ने इसमें 50 अरब डॉलर की बराबर हिस्सेदारी दी है।
- **मतदान शक्ति:** इन 5 संस्थापक देशों की कम से कम 55 प्रतिशत मतदान शक्ति सुरक्षित रहेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# UPI अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश - त्रिनिदाद एंड टोबैगो




## ➲ चर्चा में क्यों?

- त्रिनिदाद एंड टोबैगो भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश बन गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- विश्व स्तर पर अब तक 8 देश अपनी भुगतान प्रणाली समेत अन्य लेन-देन में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) को अपना चुके हैं।
- **आठ देश:** फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान (QR-आधारित UPI अपनाने वाला पहला पड़ोसी), नेपाल, मॉरीशस (UPI + RuPay कार्ड सेवाओं को संयुक्त रूप से अपनाया), श्रीलंका, सिंगापुर और त्रिनिदाद एंड टोबैगो।

### यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)

- यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) एक ऐसी प्रणाली है जो कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में संचालित करने की अनुमति प्रदान करती है। साथ ही, यह कई बैंकिंग सुविधाओं का विलय करके निर्बाध फंड रूटिंग और मर्चेंट भुगतान प्रणाली को आसान बनाती है।
- UPI प्रणाली भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया' और 'कैशलेस इंडिया' के विजन को साकार कर रही है।
- यह 'पीयर टू पीयर' संग्रह अनुरोध को भी पूरा करता है जिसे आवश्यकता और सुविधा के अनुसार निर्धारित भुगतान किया जा सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **UPI प्रणाली को 11 अप्रैल, 2016 को मुंबई में भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर डॉ. रघुराम राजन द्वारा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के तत्त्वावधान में 21 सदस्य बैंकों के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च किया गया।**

**NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL)**

- **NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) को 3 अप्रैल, 2020 को नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में शामिल किया गया।**
- **NPCI की अंतरराष्ट्रीय शाखा के रूप में, NIPL यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और रुपे कार्ड योजना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तृत करने हेतु प्राधिकृत एजेंसी है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रधानमंत्री की ब्राजील यात्रा

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **6 से 7 जुलाई, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने तथा ब्राजील की राजकीय यात्रा हेतु दो शहरों क्रमश: रियो डी जेनेरो तथा ब्रासीलिया की यात्रा की।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ➲ मुख्य बिंदु :

- प्रधानमंत्री 2 से 9 जुलाई, 2025 तक पांच देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील एवं नामीबिया की राजकीय यात्रा के क्रम में ब्राजील पहुँचे।
- यह यात्रा वर्ष 1960 के दशक के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय ब्राज़ील यात्रा है।
- ब्राजील और भारत दोनों ही ब्रिक्स, G-21, G-4, इंटरनेशनल सोलर अलायंस और बायोफ्यूचर प्लेटफॉर्म जैसे बहुराष्ट्रीय मंचों के सदस्य हैं।
- इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को ब्राज़ील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को प्राप्त 26वाँ वैश्विक सम्मान हैं।

### दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन/करार:

1. अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर समझौता।
2. डिजिटल परिवर्तन के लिए सफल बड़े पैमाने पर डिजिटल समाधानों के आदान-प्रदान हेतु सहयोग पर समझौता ज्ञापन।
3. नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग पर समझौता ज्ञापन।
4. एम्ब्रापा और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बीच कृषि अनुसंधान पर समझौता ज्ञापन।
5. वर्गीकृत सूचना के आदान-प्रदान और पारस्परिक संरक्षण पर समझौता।
6. भारत के DPIIT और ब्राजील के MDIC के प्रतिस्पर्धात्मकता और नियामक नीति सचिवालय के बीच बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य प्रमुख घोषणाएं :

1. व्यापार, वाणिज्य और निवेश की निगरानी के लिए मंत्रिस्तरीय तंत्र की स्थापना।

2. भारत, ब्राज़ील में डिजिटल भुगतान के लिए UPI व्यवस्था लागू करने में सहयोग करेगा।

3. मर्कोसुर व्यापार समझौता का दायरा बढ़ाने पर सहमति।

4. द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य।

### 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन :

- **आयोजन :** 6 से 7 जुलाई, 2025 (रियो डी जेनेरियो, ब्राज़ील)
- **विषय :** पर्यावरण, COP 30 और वैश्विक स्वास्थ्य।
- **सदस्य :** 11 देश

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### ब्राज़ील :

- विदेश मंत्रालय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत और ब्राज़ील के बीच द्विपक्षीय व्यापार $12.20 बिलियन तक पहुँच गया, जिसमें ब्राज़ील को भारतीय निर्यात 6.77 अरब डॉलर और ब्राज़ील से आयात कुल 5.43 अरब डॉलर का था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




## प्रधानमंत्री को वर्ष 2025 में प्रदान किए गए वैश्विक सम्मान :

| सम्मान | देश |
|---|---|
| ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III | साइप्रस |
| द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो | त्रिनिदाद एंड टोबैगो (कैरेबियाई देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता) |
| ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना | घाना |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## GOSAT-GW उपग्रह

### चर्चा में क्यों?

- 28 जून, 2025 को जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) ने GOSAT-GW नामक उपग्रह लॉन्च किया।
- यह जापान की GOSAT श्रृंखला का तीसरा उपग्रह है।



### मुख्य बिंदु :

- **GOSAT-GW :** ग्लोबल ऑब्ज़र्विंग सैटेलाइट फॉर ग्रीनहाउस गैसेज़ एंड वॉटर साइकल।
- **प्रक्षेपण :** 28 जून, 2025 को योशिनोबू लॉन्च कॉम्प्लेक्स (LP-1), तानेगाशिमा अंतरिक्ष स्पेस सेंटर से।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **रॉकेट :** H-2A रॉकेट (50वां और अंतिम मिशन)
- **उद्देश्य :**
  - **ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी करना :** कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और जलवायु को प्रभावित करने वाली अन्य गैसों पर डेटा एकत्र करना।
  - **वैश्विक जल चक्र का अध्ययन करना :** समुद्र सतह का तापमान, बादल आवरण और वर्षा की प्रवृत्ति को मापना।
- **मुख्य उपकरण :**
  - **उन्नत माइक्रोवेव रेडियोमीटर (AMSR) :** यह जल चक्रों और समुद्री सतह के तापमान में उतार-चढ़ाव को मापेगा।
  - **ग्रीनहाउस गैसों का अवलोकन सेंसर (TANSO) :** यह जलवायु परिवर्तन को मापने के लिए पृथ्वी के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड जैसे घटकों की निगरानी करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जा-माता संयुक्त युद्धाभ्यास

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जापान का तट रक्षक जहाज 'इत्सुकुशिमा' संयुक्त युद्धाभ्यास 'जा माता' में भाग लेने के लिए चेन्नई पहुँचा।



## ➲ मुख्य बिंदु :

- 'जा माता' एक जापानी शब्द है, जिसका अर्थ है 'फिर मिलेंगे'।
- यह अभ्यास जापान और भारत के तटरक्षक बलों के बीच एक संयुक्त समुद्री युद्धाभ्यास है।
- इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त अभियानों की प्रभावशीलता को बढ़ाना, युद्ध कौशल को बेहतर बनाना तथा इंटर-ऑपरेबिलिटी (अंतर संचालन क्षमता) को सुदृढ़ करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत और जापान के बीच युद्धाभ्यास:

- **द्विपक्षीय अभ्यास:**
  - **धर्म गार्जियन (2018 से)**
  - **जिमेक्स (2012 से)**
  - **वीर गार्जियन (2023 से)**
  - **शिन्यू मैत्री अभ्यास (पहला संस्करण 13 फ़रवरी – 2 मार्च 2023 तक आयोजित)**
- **बहुपक्षीय अभ्यास:**
  - **मालाबार अभ्यास।**
  - **मिलन अभ्यास।**
  - **को-ऑपरेशन काइजिन अभ्यास।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

## धम्मचक्कप्पवत्तन (धम्मचक्रप्रवर्तन) दिवस

### चर्चा में क्यों?

- 10 जुलाई, 2025 को IBC द्वारा धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस मनाया जाएगा।



### मुख्य बिंदु :

- **आयोजन :** 10 जुलाई, 2025 को आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजन।
- **आयोजन स्थल :** मूलगंध कुटी विहार, सारनाथ, उत्तर प्रदेश।
- **आयोजक :** संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) द्वारा।
- **सहयोग :** महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया।
- **कारण :** इस दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ के नाम से विख्यात ऋषिपटन मृगादय के मृग उद्यान में पंचवर्गीय (पाँच तपस्वी साथियों) को पहली बार उपदेश दिया था।
- सारनाथ में ही भगवान बुद्ध ने बुद्ध धम्म की नींव रखते हुए चार आर्य सत्य और आर्य अष्टांगिक मार्ग का ज्ञान साझा किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### भगवान बुद्ध से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएं :

| | |
|---|---|
| गृहत्याग | महाभिनिष्क्रमण |
| ज्ञान प्राप्ति | निर्वाण |
| प्रथम उपदेश | धर्मचक्रप्रवर्तन |
| निधन | महापरिनिर्वाण |

- **अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) :** वर्ष 2012 में नई दिल्ली में वैश्विक बौद्ध सम्मेलन के बाद स्थापित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ 39 देशों और 320 से अधिक सदस्य निकायों में बौद्ध संगठनों, मठवासी आदेशों और आम संस्थाओं को एक साथ लाने वाला विश्व का पहला संगठन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व जूनोटिक रोग रोकथाम दिवस

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **प्रति वर्ष 6 जुलाई को विश्व जूनोटिक रोग रोकथाम दिवस मनाया जाता है।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

■ **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : फ्रांसीसी वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने रेबीज का पहला टीका विकसित किया था, उन्हीं के सम्मान में इस दिवस को मनाया जाता है।**

■ **उद्देश्य : जानवरों से मनुष्यों में होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### जूनोटिक रोग :

- **जूनोटिक शब्द की उत्पत्ति :** ग्रीक शब्दों ज़ून (जानवर) और नोसोस (बीमारी) से हुई।
- **अर्थ :** जानवरों और मनुष्यों के बीच संचारित रोग।
- **जूनोटिक रोग का कारण :** बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी, कवक।

### प्रमुख रोग :

| जूनोटिक रोग | रोगकारक | जानवर |
|---|---|---|
| एनिमल इन्फ्लूएंजा | इन्फ्लूएंजा A वायरस | सूअर सहित अन्य पशुधन |
| एवियन इन्फ्लूएंजा | इन्फ्लूएंजा A वायरस | मुर्गी, बत्तख |
| हंटावायरस सिंड्रोम | हंटावायरस | चूहा |
| हेपेटाइटिस E | हेपेटाइटिस E वायरस | सूअर, जंगली सूअर, हिरण |
| क्यू फीवर | कोक्सीएला बर्नेटी | मवेशी, भेड़, बकरी, बिल्लियाँ |
| येलो फीवर | येलो फीवर वायरस | बंदर |
| प्लेग | येर्सिनिया पेस्टिस | चूहे, पिस्सू |
| निपाह वायरस संक्रमण | निपाह वायरस | फ्रुट बैट |
| लासा बुखार | लासा वायरस | बहुस्तनधारी चूहा |
| इबोला वायरस रोग | इबोला वायरस | अज्ञात |
| दाद | डर्मेटोफाइट कवक | अनेक पशु प्रजातियाँ |
| रेबीज़ | रेबीज़ वायरस और अन्य लाइसावायरस | कुत्ते, चमगादड़, लोमड़ी, बिल्लियाँ |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चित व्यक्तित्व

## साहिल किनी: RBI इनोवेशन हब के नए CEO



### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, फिनटेक उद्यमी और सेतु कंपनी के पूर्व सह-संस्थापक साहिल किनी को बेंगलुरु स्थित रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) का नया CEO नियुक्त किया गया।

### मुख्य बिंदु :

- यह रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) के पूर्व CEO राजेश बंसल का स्थान लेंगे।

**रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH):**

- RBIH, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के स्वामित्व वाली कंपनी है।
- इसे भारत के वित्तीय क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और सरल बनाने के लिए बनाया गया है।
- यह सभी वित्तीय हितधारकों जैसे- बैंक, फिनटेक कंपनियाँ, नीति निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ और निवेशकों को एक साथ लाकर साझा समाधान और रणनीति विकसित करता है।
- RBIH भारत को एक वैश्विक नवाचार केंद्र बनाने में मदद करता है।
- इसका उद्देश्य एक अरब से ज्यादा लोगों को सुरक्षित, सस्ते और आसान वित्तीय सेवाएँ देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|

**1.**

## CONCACAF गोल्ड कप – 2025

- 6 जुलाई, 2025 को मेक्सिको ने टेक्सास के ह्यूस्टन स्थित NRG स्टेडियम में संयुक्त राज्य अमेरिका को हराकर 10वीं बार CONCACAF गोल्ड कप – 2025 का खिताब जीता।

**2.**

## बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी का नाम परिवर्तन




- हाल ही में, कर्नाटक कैबिनेट ने बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर मनमोहन सिंह के नाम पर रखने को स्वीकृति प्रदान की।
- यह देश का पहला विश्वविद्यालय है जिसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नाम पर रखा गया।
- **मनमोहन सिंह :**
  - **निधन :** 26 दिसंबर, 2024
  - इन्हें भारत में आर्थिक सुधारों का वास्तुकार माना जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3.

## सूरीनाम की पहली महिला राष्ट्रपति



- जेनिफर गीरलिंग्स-साइमंस को दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में चुना गया।
- यह नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख हैं जो 16 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी।
- सूरीनाम के राष्ट्रपति का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से होता है। आम चुनाव के बाद, नेशनल असेंबली के सदस्य राष्ट्रपति के लिए वोट करते हैं और किसी उम्मीदवार को जीतने के लिए दो-तिहाई बहुमत हासिल करना होता है।

4.

## पुनौरा धाम परियोजना




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ बिहार सरकार ने सीतामढ़ी जिले में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम के समग्र विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की।<br>♦ इस परियोजना के तहत पुनौरा धाम को रामायण सर्किट से जोड़ा जाएगा।<br>♦ इस योजना को EPC (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल के तहत लागू किया जाएगा। |
| **5.** | **नियंत्रक सम्मेलन 2025**<br><br>♦ 7 से 9 जुलाई, 2025 तक रक्षा लेखा विभाग (DAD) की मेज़बानी में नई दिल्ली में नियंत्रक सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया।<br>♦ **2025 सम्मेलन की थीम :** 'रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन।' |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR